भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1158

जिसका उत्तर 10 मार्च, 2025 को दिया जाना है

पूर्वोत्तर क्षेत्र में नये कोलफील्ड्स या भंडार

1158. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्यः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में किन्हीं नए कोलफील्ड्स या भंडार की पहचान की है;

(ख) आयातित और निर्यातित कोयले की मात्रा कितनी है; और

(ग) देश में कितनी कोयला खदानें कार्यशील हैं और कितनी खदानें अब भी प्रचालनरत नहीं हैं?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : वर्ष 2022-23 से वर्ष 2024-25 तक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड राज्यों में कोयले पर तीन सर्वेक्षण चरण की अन्वेषण परियोजनाओं को चिन्हित और प्रारंभ किया है, जिनमें जीएसआई ने 4.72 मिलियन टन कोयला संसाधन स्थापित किया है।

(ख) : पिछले पांच वर्षों के दौरान कोयले के आयात और निर्यात का ब्यौरा निम्नानुसार है -

(आंकड़े मिलियन टन में)

वर्ष	**आयात**	**निर्यात**
2019-20	248.537	1.030
2020-21	215.251	2.945
2021-22	208.627	1.316
2022-23	237.668	1.166
2023-24	264.531	1.376

(ग) : 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार, देश में 408 कोयला उत्पादक खाने हैं। देश में 341 गैर-प्रचालनरत (रद्द की गईं/परित्यक्त/बंद) कोयला खानें हैं।

****